# पीपीयू : पीजी कैंपस के लिए चार दिनों में प्रारूप बनाने का निर्देश

## कुलपति ने किया बीएस कॉलेज, दानापुर का निरीक्षण

**संवाददाता, पटना**




पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पीजी कैंपस बनाने को लेकर कुलपति प्रो आरके सिंह ने बीएस कॉलेज दानापुर का निरीक्षण किया. शनिवार को कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में सीनेट में पीजी कैंपस बनाने की हरी झंडी मिलते ही कुलपति ने विशेषज्ञ टीम के साथ निरीक्षण किया. कॉलेज के एसोसिएट प्राध्यापक प्रो आशुतोष कुमार ने बताया कि कुलपति ने भूमि-भवन निर्माण विशेषज्ञ टीम को चार दिनों के भीतर भू-मापी कराकर प्रारूप बनाने का निर्देश दिया है. इसके बाद पीजी कैंपस बनाने को लेकर डीपीआर तैयार करायी जायेगी. साथ ही जल्द ही निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जायेगी. कॉलेज के पास 11 एकड़ जमीन है. इसमें से पांच एकड़ भूमि पीजी कैंपस निर्माण को लेकर ऑफर किया गया है. विश्वविद्यालय की ओर से इस भूमि पर आंतरिक स्त्रोत से भवन निर्माण कराया जायेगा. इसके सभी विभागों को एक साथ नहीं स्थनांतरित किया जायेगा. इसे फेजवाइज वहां भेजा जायेगा. पहले चरण में तीन-चार विभागों को चालू कराया जायेगा. यहां पठन-पाठन के अतिरिक्त कॉमन खेलकूद परिसर भी तैयार किया जायेगा. इससे यहां से सभी बच्चों को खेलकूद गतिविधि कराने में सहूलियत होगी. प्रो आशुतोष कुमार ने बताया कि अब पीजी छात्रों को पठन-पाठन के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा. उन्हें शहर में ही पढ़ाई को जारी रखने का मौका मिलेगा.

## बीएस कॉलेज में जमीन का निरीक्षण किया

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का पीजी कैंपस बनाने को लेकर कुलपति ने किया दौरा




एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का पीजी कैंपस बनाने को लेकर कुलपति प्रो. आरके सिंह ने बीएस कॉलेज दानापुर का निरीक्षण किया। शनिवार को कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में सीनेट की बैठक में पीजी कैंपस बनाने की हरी झंडी मिलते ही कुलपति ने विशेषज्ञ टीम के साथ निरीक्षण किया। कॉलेज के एसोसिएट प्राध्यापक प्रो. आशुतोष कुमार ने बताया कि कुलपति ने विशेषज्ञ टीम को चार दिन के भीतर नापी कराकर प्रारूप बनाने का निर्देश दिया है। इसके बाद पीजी कैंपस बनाने को लेकर डीपीआर तैयार होगी। साथ ही जल्द ही निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। कॉलेज के पास 11 एकड़ जमीन है। इसमें से पांच एकड़ भूमि पीजी कैंपस निर्माण को लेकर ऑफर की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से इस भूमि पर आंतरिक स्रोत से भवन निर्माण कराया जाएगा। विभागों को फेजवाइज वहां भेजा जाएगा। पहले चरण में तीन-चार विभागों को चालू कराया जाएगा। यहां पठन-पाठन के अतिरिक्त कॉमन खेलकूद परिसर भी तैयार किया जाएगा।

# बीएस कॉलेज में पीजी कैंपस के निर्माण को मिली हरी झंडी

**पटना (एसएनबी)।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पीजी कैंपस बनाने को लेकर कुलपति प्रो. आरके सिंह ने बीएस कॉलेज, दानापुर का निरीक्षण किया। शनिवार को कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में हुई सीनेट की बैठक में पीजी कैंपस बनाने के लिए हरी झंडी मिलते ही कुलपति ने विशेषज्ञ टीम के साथ निरीक्षण किया। कॉलेज के एसोसिएट प्राध्यापक प्रो. आशुतोष कुमार ने बताया कि कुलपति ने भूमि-भवन निर्माण विशेषज्ञ टीम को चार दिनों के भीतर भू-मापी कराकर प्रारूप बनाने का निर्देश दिया है। इसके बाद पीजी कैंपस बनाने को लेकर डीपीआर तैयार कराया जाएगा। साथ ही जल्द ही निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। कॉलेज के पास 11 एकड़ जमीन है। इसमें से पांच एकड़ भूमि का ऑफर पीजी कैंपस निर्माण को लेकर दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से इस भूमि पर आंतरिक स्त्रोत से भवन निर्माण कराया जाएगा। इसके सभी विभागों को एक साथ नहीं स्थानांतरिक किया जाएगा। इसे फेजवाइज वहां भेजा जाएगा। पहले चरण में तीन-चार विभागों को चालू कराया जाएगा।

**■ कुलपति ने भूमि-भवन निर्माण विशेषज्ञ टीम को चार दिनों के भीतर भू-मापी कराकर प्रारूप बनाने का दिया निर्देश**

यहां पठन-पाठन के अतिरिक्त कॉमन खेलकूद परिसर भी तैयार किया जाएगा। इससे यहां से सभी बच्चों को खेलकूद गतिविधि कराने में सहूलियत होगी। प्रो आशुतोष कुमार ने बताया कि अब पीजी छात्रों को पठन-पाठन के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा। उन्हें शहर में ही पढ़ाई को जारी रखने का मौका मिलेगा।

# कुलपति ने किया बीएस कॉलेज का निरीक्षण

**पटना।** पाटलिपुत्र विवि के पीजी कैंपस बनाने को लेकर कुलपति प्रो. आरके सिंह ने बीएस कॉलेज दानापुर का निरीक्षण किया। एसोसिएट प्राध्यापक प्रो. आशुतोष कुमार ने बताया कि कुलपति ने भूमि-भवन निर्माण विशेषज्ञ टीम को चार दिनों के भीतर भू-मापी कराकर प्रारूप बनाने का निर्देश दिया है। अब पीजी छात्रों को पठन-पाठन के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा।

# कुलपति ने किया बीएस कालेज का निरीक्षण

जागरण संवाददाता, पटना : पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पीजी कैंपस बनाने को लेकर कुलपति प्रो. आरके सिंह ने बीएस कालेज दानापुर का निरीक्षण किया। शनिवार को कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में सीनेट में पीजी कैंपस बनाने की हरी झंडी मिलते ही कुलपति ने टीम के साथ निरीक्षण किया। कालेज के एसोसिएट प्राध्यापक प्रो. आशुतोष कुमार ने बताया कि कुलपति ने भूमि-भवन निर्माण विशेषज्ञ टीम को चार दिनों के भीतर भू-मापी कराकर प्रारूप बनाने का निर्देश दिया है। इसके बाद डीपीआर तैयार कराया जाएगा। साथ ही जल्द ही निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। कालेज के पास 11 एकड़ जमीन है। इसमें से पांच एकड़ भूमि पीजी कैंपस निर्माण को लेकर आफर किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से इस भूमि पर आंतरिक स्त्रोत से भवन निर्माण कराया जाएगा।

## कुलपति ने किया बीएस कॉलेज दानापुर का निरीक्षण

# भूमि-भवन निर्माण विशेषज्ञ टीम को चार दिनों में मापी कर प्रारूप बनाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पीजी कैंपस बनाने को लेकर कुलपति प्रो. आरके सिंह ने बीएस कॉलेज दानापुर का निरीक्षण किया। शनिवार को कुलाधिपति सह राज्यपाल श्रीराजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में सीनेट में पीजी कैंपस बनाने की हरी झंडी मिलते ही कुलपति ने विशेषज्ञ टीम के साथ निरीक्षण किया। कॉलेज के एसोसिएट प्राध्यापक प्रो. आशुतोष कुमार ने बताया कि कुलपति ने भूमि-भवन निर्माण विशेषज्ञ टीम को चार दिनों के भीतर भू-मापी कराकर प्रारूप बनाने का निर्देश दिया है। इसके बाद पीजी कैंपस बनाने को लेकर डीपीआर तैयार कराया जाएगा। साथ ही जल्द ही निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। कॉलेज के पास 11 एकड़ जमीन है। इसमें से पांच एकड़ भूमि पीजी कैंपस निर्माण को लेकर आफर किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से इस भूमि पर आंतरिक स्त्रोत से भवन निर्माण कराया जाएगा। इसके सभी विभागों को एक साथ नहीं स्थनांतरित किया जाएगा। इसे फेजवाइज वहां भेजा जाएगा। पहले चरण में तीन-चार विभागों को चालू कराया जाएगा। यहां पठन-पाठन के अतिरिक्त कॉमन खेलकूद परिसर भी तैयार किया जाएगा। इससे यहां से सभी बच्चों को खेलकूद गतिविधि कराने में सहूलियत होगी। प्रो. आशुतोष कुमार ने बताया कि अब पीजी छात्रों को पठन-पाठन के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा। उन्हें शहर में ही पढ़ाई को जारी रखने का मौका मिलेगा।